अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2016
# (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** बच्चों को कहानी सुनाते समय बीच-बीच में उनकी कल्पनाशीलता को जागृत करने के लिए पूछना चाहिए- **(1)**

(A) वर्णनात्मक प्रश्न (B) विकासात्मक प्रश्न
(C) व्याख्यात्मक प्रश्न (D) विश्लेषणात्मक प्रश्न

**2.** 'जो बहुत अधिक बोलता हो', वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द है- **(1)**

(A) वक्ता (B) सुवक्ता
(C) वाचाल (D) नेता

**3.** 'जाग्रत' शब्द का विलोम है- **(1)**

(A) विसुप्त (B) सुषुप्त
(C) शयन (D) चेतना

**4.** 'सजग' शब्द का पर्याय नहीं है- **(1)**

(A) चौकस (B) सचेत
(C) पहरेदार (D) सावधान

**5.** 'महाकवि' शब्द में प्रयुक्त समास है- **(1)**

(A) कर्मधारय (B) अव्ययीभाव
(C) तत्पुरुष (D) बहुब्रीहि

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 'प्रति' उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द लिखिए। **(1)**

**7.** 'कारक' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा हुआ है? **(1)**

**8.** 'ईश ने पत्र पढ़ा', वाक्य में कौन-सा लकार प्रयुक्त है? **(1)**

**9.** 'बालक तेज दौड़ता है', वाक्य में किस क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है? **(1)**

**10.** 'वर्णन' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(1)**

**11.** 'सर्वनाम' शब्द के दो उदाहरण लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** 'क्रिया-विशेषण' किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** 'गद्य-शिक्षण' के सामान्य उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**14.** 'वाक्य' किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**15.** 'उपकार', 'अनुपम', 'उपेक्षा', 'खग' शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(2)**

**16.** 'समास' किसे कहते हैं? बहुव्रीहि समास के दो उदाहरण लिखिए। **(2)**

**17.** 'विपरीतार्थक शब्द' से क्या आशय है? 'मुक्ति', 'लौकिक', 'वादी' तथा 'संयोग' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **(2)**

**18.** 'भाषा-शिक्षण' में मौन वाचन का क्या महत्व है? संक्षेप में लिखिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/hindi/2016

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/hindi/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN